कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति
CORPORATE ENVIRONMENT POLICY

अगस्त 2022

पर्यावरण एवं विविधता प्रबंधन विभाग
एनएचपीसी लिमिटेड, सेक्टर-33, फरीदाबाद

लद्दाख स्थित निम्मो-बाजगो पावर स्टेशन (45 मेगावाट) का दृश्य

ए. के. सिंह
A. K. Singh
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
Chairman and Managing Director

संदेश

हमलोग आज प्रकृति में जहाँ अपना अस्तित्व रखते हैं, वहाँ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक बन गया है, जिसे हमारे देश में केंद्रीय स्तर पर संज्ञान में लिया गया है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के सतत् विकास के आह्वान ने पर्यावरण संरक्षण में एक नया आयाम जोड़ा है। इस संदर्भ में सभी पर्यावरण कानून, पर्यावरण के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

एनएचपीसी लिमिटेड में हमने पर्यावरण संरक्षण को अपनी परंपरा के हिस्से के रूप में कंपनी के मिशन और विजन में शामिल किया है। प्रत्येक परियोजना के प्रारंभिक चरण से लेकर बाद के सभी चरणों के दौरान, इस समृद्ध परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण विनियमों का भी सख्त अनुपालन किया जाता है। हमारी कंपनी में पर्यावरण विभाग की टीम, पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं और पर्यावरण मंजूरी में निर्धारित पर्यावरण सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन में हमेशा सहायक रही है।

मुझे कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 जारी करते हुए सुखद अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग की पूरी टीम को पर्यावरण संरक्षण, परिरक्षण और प्रबंधन के प्रति उनके निरंतर प्रयासों और प्रतिबद्धता के लिए मैं बधाई देता हूं।

मुझे विश्वास है कि कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, पर्यावरण संरक्षण के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक साधन के रूप में कार्य करेगी।

(ए. के. सिंह)

ए. के. सिंह
A. K. Singh
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
Chairman and Managing Director

Message

Today; as we stand, natural resources conservation is one of the most important environmental challenges that has occupied the centre stage in our country. Therefore, call for sustainable development of natural resources has added a new dimension to Environmental Conservation. In this context, all environmental legislations are playing a key role in protection of environment.

We at NHPC Ltd. have made 'Environment Conservation' as part of our tradition by enshrining it in our company's Mission and Vision. Every project, from its early stages is aligned with this rich tradition along with strict compliances of Environmental Regulations during subsequent stages. The team of Environment Division across our company have been instrumental in implementation of environment safeguard measures stipulated in the Environment Management Plans and Clearances.

I am glad to release the Corporate Environment Policy, 2022. On this occasion, I congratulate the entire team of Environment Division for their continued efforts and commitment towards Environment Protection, Preservation and Management.

I am sure, the Corporate Environment Policy, while reemphasizing NHPC's commitment towards Environment Protection will act as a guiding tool for all of us.

(A. K. Singh)

वाई. के. चौबे
Y. K. Chaubey
निदेशक (तकनीकी)
Director (Technical)

संदेश

जलविद्युत परियोजनाएँ आम तौर पर देश के दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित होती हैं। परियोजना विकास की प्रगति के साथ यह क्षेत्र सर्वांगीण सामाजिक-आर्थिक उत्थान का साक्षी बन जाता है। देश भर में स्थित एनएचपीसी की परियोजनाएँ इस तथ्य की गवाही देती हैं कि, पर्यावरणीय विनियमों के अनुपालन के साथ व्यवस्थित तरीके से निर्मित जलविद्युत परियोजनाएँ पूरे क्षेत्र के सतत् विकास के लिए एक महत्वपूर्ण साधन हो सकती हैं।

जीवाश्म ईंधन के घटते भंडार से दुनिया को ऊर्जा के संभावित नवीकरणीय स्रोतों की तलाश के संकेत मिल रहे हैं। इस संदर्भ में, समाज और अर्थव्यवस्था के असंख्य लाभों के साथ जलविद्युत परियोजनाएँ मानव जाति को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि ऐसी परियोजनाओं को प्रासंगिक मानदंडों/ दिशानिर्देशों/ अधिनियमों के अनुरूप विकसित किया जाए।

परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों के लिए पर्यावरण प्रभावी आंकलन और मिटिगेशन योजनाओं के कार्यान्वयन में हमारी कंपनी के पर्यावरण विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जा रहा है। मैं पर्यावरण विभाग की टीम को कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 तैयार करने के लिए बधाई देता हूँ। मुझे यकीन है कि यह नीति देश में निर्धारित मानदंडों/ दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए जलविद्युत विकास के सभी चरणों में हमारे कर्मचारियों को मार्गदर्शन करने में मदद करेगी।

इस कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 को प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

(वाई. के. चौबे)

वाई. के. चौबे
Y. K. Chaubey
निदेशक (तकनीकी)
Director (Technical)

Message

Hydro Power Projects are generally located in remote parts of the country. With the progress of development of the project, the region becomes witness to all round socio-economic upliftment in the area. The projects of NHPC located across the country bear testimony to the fact that, hydro projects when constructed in a systematic manner along with compliances of Environmental Regulations can be an important tool for Sustainable Development of the entire area.

Dwindling reserves of fossil fuels are alarming the world to look for possible renewable sources of energy. Hydro power projects with their myriads of benefits for society and economy, in this context, can play a crucial role for providing energy security to the mankind. Hence, it is important that such projects are developed in consonance with the relevant norms/ guidelines/ Acts.

The Environment Division of our Company has been playing a pivotal role in Environment Impact Assessment, and implementation of mitigatory Plans for projects and power stations. I congratulate the team of Environment Division for preparation of the Corporate Environment Policy, 2022. This Policy, I am sure will help our employees guiding them through all stages of hydro power development while strictly adhering to the norms and stipulated guidelines in the country.

It is my great pleasure to present this Corporate Environment Policy, 2022.

(Y. K. Chaubey)

वी. आर. श्रीवास्तव
V. R. Shrivastava
कार्यपालक निदेशक (पर्यावरण)
Executive Director (Environment)

संदेश

एनएचपीसी लिमिटेड सक्षम, जिम्मेदार और उन्नत मान्यताओं के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा के सतत् विकास के लिए एक वैश्विक अग्रणी संगठन बनने के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। बदलते समय में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण जलविद्युत विकास की तुलना में पर्यावरणीय एवं सामाजिक मुद्दों ने अत्यधिक महत्व ग्रहण कर लिया है।

एनएचपीसी ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का सर्वदा निर्वहन किया है। अपनी परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों के पर्यावरणीय प्रभावों की पहचान कर उन्हें कम करने के लिए एनएचपीसी पूरी तरह से प्रतिबद्ध रही है। वैज्ञानिक मूल्यांकन और नियामक अनुपालन आवश्यकताओं के साथ-साथ हितधारकों के परामर्श पर आधारित पर्यावरण प्रबंधन, एनएचपीसी की परियोजनाओं के निर्माण और संचालन गतिविधियों का अभिन्न अंग रहा है। निगम मुख्यालय में पदस्थापित पर्यावरण अधिकारियों की एक समर्पित टीम और परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों/ क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों ने पर्यावरण प्रबंधन के इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति 2022, पर्यावरण, वन और वन्यजीव नियमों के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर देती है। कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 को तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पर्यावरण एवं विविधता प्रबंधन विभाग, निगम मुख्यालय की टीम को मैं बधाई देता हूँ और एनएचपीसी प्रबंधन को इसके अनुमोदन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

यह नीति पर्यावरण संरक्षण और संधारण के मूल तथ्यों को समझने के साथ-साथ एनएचपीसी के उद्देश्यों के एकीकरण में हमारी सहायक कंपनियों और संयुक्त-उद्यम कंपनियों सहित हमारे सभी कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए मददगार सिद्ध होगी। मुझे विश्वास है कि यह नीति हमारे वर्तमान और भविष्य के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक साधन के रूप में कार्य करेगी।

(वी. आर. श्रीवास्तव)

वी. आर. श्रीवास्तव
V. R. Shrivastava
कार्यपालक निदेशक (पर्यावरण)
Executive Director (Environment)

Message

The vision of NHPC Ltd is to be a global leading organization for sustainable development of clean power through competent, responsible and innovative values. Of all these attributes, the focus on sustainability has become more pronounced in the present times, with the impact on environment becoming visible and manifested in global warming and extreme climatic events relatable to this phenomenon. Social and Environmental issues involved in development of any hydropower project have thus assumed enormous significance for a sustainable future of this industry.

NHPC has always been an environmentally responsible corporate citizen, being fully committed to identify and mitigate the environmental impacts of its projects and power stations. Environment Management strategy, based on scientific assessment and regulatory compliance requirements coupled with stakeholder consultation, is integral to NHPC's construction and operation activities in its projects and power stations. A dedicated cadre of specially qualified and trained Environment officers organised in the form of a separate vertical at corporate level and personnel posted at field units have been rendering an important role in this endeavour of environmental management.

Corporate Environment Policy 2022, reemphasizes the need for a holistic approach for Environment Conservation while complying with provisions of Environment, Forest and Wildlife regulations. I congratulate the team of Environment & Diversity Management Division, Corporate Office for their proactive role in preparation of Corporate Environment Policy, 2022 and express gratitude to NHPC management for its approval.

This Policy will be immensely helpful to all our employees and other stakeholders, including those in our Subsidiaries and Joint Venture Companies in understanding the core values of Environmental Conservation and sustainability as well as its integration with NHPC's objectives. I am certain that the Policy will act as an important guiding tool in our present and future endeavours.

(V. R. Shrivastava)

डॉ. आशीष कुमार दाश
Dr. A. K. Dash
महाप्रबंधक (पर्यावरण)
General Manager (Environment)

विषय-प्रवेश

विकासात्मक गतिविधियों के लिए पर्यावरण संबंधी सरोकार दुनिया भर में परिचर्चा के महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक रहे हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि एक स्थायी वातावरण बनाए रखने और लगातार आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मुद्दों को व्यापक तरीके से संबोधित करने की आवश्यकता है। विकासात्मक गतिविधियाँ जब भविष्य के प्रभावों पर विचार किए बिना किसी विशेष आवश्यकता से प्रेरित हों, तो वह समाज के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती हैं। हम पहले से ही वैश्विक जलवायु परिवर्तन देख रहे हैं, जो ऊर्जा के जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों पर हमारी निर्भरता के परिणाम हैं। ऐसे में जलविद्युत परियोजनाएँ ही एक मात्र सार्थक विकल्प है, जो वर्तमान और भविष्य की विविध जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक आदर्श संतुलन बनाने में सक्षम है।

कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति का उद्देश्य ऊर्जा के पारंपरिक और गैर-पारंपरिक स्रोतों के सतत् विकास के लिए पर्यावरणीय प्रभावों को कम करना है। चूंकि, व्यावसायिक गतिविधियों में पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रकटीकरण के लिए विकसित हो रहे मानदंडों के साथ तालमेल रखने के लिए, मौजूदा कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति पर पुनः विचार करना और संशोधित करना अनिवार्य था। फलस्वरूप, समाज के प्रति बदलते दृष्टिकोण, पर्यावरण और स्थिरता, विकसित नीति, कानून, नियम और विनियम पर विचार करते हुए यह कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 तैयार की गई है। कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति 2022 को निदेशक मंडल ने अपनी बैठक दिनांक 10.08.2022 में अनुमोदित किया है।

सेबी ने अपने परिपत्र दिनांक 10.05.2021 के माध्यम से सूचीबद्ध कंपनियों के लिए व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीय रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) के अंतर्गत पर्यावरण और अन्य मानदंडों के अनुपालन का प्रकटीकरण अनिवार्य कर दिया है। ऐसे परिदृश्य में, अनिवार्य शर्तों का अनुपालन और पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए यह कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 एक प्रेरक बल के रूप में कार्य करेगी। पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने और संगठन व परिवेश के सतत् विकास के योगदान में यह कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता का वृतांत है।

इस अवसर पर, मैं एनएचपीसी प्रबंधन के प्रति उनके समर्थन और मार्गदर्शन और कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 के अनुमोदन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

(डॉ. आशीष कुमार दाश)

डॉ. आशीष कुमार दाश
Dr. A. K. Dash
महाप्रबंधक (पर्यावरण)
General Manager (Environment)

Foreword

Environmental concerns for developmental activities have become one of the important issues debated across the globe. There can no denying that in order to maintain sustainable environment and ensure consistent economic development such issues need to be addressed in a comprehensive manner. Developmental activities when driven by a particular need without considering future ramifications can be detrimental for the society. We are already witnessing global climate changes resulting from overdependence on fossil fuel-based sources of energy. Therefore, hydropower projects, which have all ingredients for meeting diverse needs of existing and future communities will go a long way in creating a perfect balance between development and environment conservation.

The Corporate Environment Policy (CEP) aims to address environmental concerns for sustainable development of conventional & non-conventional sources of energy. In order to keep pace with the evolving norms towards disclosures of environmental concern in business activities, it was imperative to relook and revise the exiting CEP. Also, considering the changing view of society towards; environment & sustainability, evolving policy, legislations, rules & regulations, the Corporate Environment Policy, 2022 has been formulated. The CEP, 2022 has been approved by the BOD in its meeting dated 10.08.2022.

SEBI vide its Circular dated 10.05.2021 has made mandatory for disclosure of compliance of Environmental and other norms under Business Responsibility and Sustainability Reporting (BRSR) for listed companies. In such a scenario, CEP, 2022 will act as a driving force for ensuring compliance of mandatory stipulations and effective implementation of environmental management plans across NHPC. CEP, 2022 is a statement of NHPC's commitment to fulfill its responsibility towards protection of environment and contribution to sustainable development of organization, people and the planet.

On this occasion, I express my gratitude towards NHPC management for their support and guidance and approval of CEP, 2022.

(Dr. A. K. Dash)

कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति

2022

सिक्किम स्थित रंगित पावर स्टेशन (60 मेगावाट) के पावर हाउस का दृश्य

विषय वस्तु

क्रम संख्या	सूचकांक	पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	03
2.	परिचय	04
3.	उपादेयता	05
4.	उद्देश्य	05
5.	संगठनात्मक ढांचा	06
6.	हमारी नीति	08
7.	स्वैच्छिक पहल	09
8.	प्रदूषण कम करने के उपाय	11
9.	मूल्यांकन, आंकलन और रिपोर्टिंग	13
10.	हितधारकों के लिए संचार सुविधा	14
11.	जागरूकता और सामर्थ्य संवर्धन कार्यक्रम	15
12.	सहायक कंपनियों द्वारा अनुपालन	16
13.	कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति की समीक्षा	16

जम्मू और कश्मीर स्थित उरी-I पावर स्टेशन (480 मेगावाट) का दृश्य

1. प्रस्तावना

1.1. अपने स्थापना काल से ही एनएचपीसी, पर्यावरणीय दृष्टि से संधारणीय एवं सामाजिक-आर्थिक उत्तरदायी तरीके से जलविद्युत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एनएचपीसी का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों की न्यूनतम क्षति को ध्यान में रखकर उनका दोहन करना है। पर्यावरण पर पड़ने वाले अपरिहार्य प्रभावों को कम करने के लिए एनएचपीसी द्वारा विभिन्न प्रकार के संरक्षण उपाय किए जाते हैं।

1.2. एनएचपीसी की परिकल्पना पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक स्रोतों के माध्यम से विद्युत का संधारणीय विकास करने वाला विश्वस्तरीय, बहुविध एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनना है।

1.3. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी और परियोजना प्रभावित लोगों से संबंधित मुद्दे, कंपनी के प्रमुख मूल्यों में से एक है। एक संगठन के रूप में एनएचपीसी पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक विकास को समान महत्व देते हुए दीर्घावधि संधारणीय विकास में विश्वास रखती है।

1.4. एनएचपीसी की कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति का उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक प्रगति के न्याय संगत वृद्धि हेतु अपनी व्यापारिक गतिविधियों में पर्यावरण नैतिकता को संस्थागत करना है, ताकि सही अर्थों में संवहनीयता प्राप्त किया जा सके।

1.5. एनएचपीसी का नीति वृतांत

"एनएचपीसी लिमिटेड स्थानीय जन-समुदायों और हितधारकों की भागीदारी के साथ पर्यावरण सुरक्षा उपायों तथा निर्धारित कार्यप्रणालियों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध होकर स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान करने हेतु सर्वदा प्रयासरत है।"

2. परिचय

2.1. एनएचपीसी लिमिटेड देश की सबसे बड़ी जलविद्युत निर्माता कम्पनी है, जिसका उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से परियोजनाओं को सतत् विकास की अवधारणा के साथ निष्पादित और संचालित करना है; जिसके लिये प्राकृतिक संसाधनों के ईष्टतम उपयोग के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण महत्वपूर्ण है।

2.2. एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा पर्यावरण और समाज के प्रति उचित सरोकार रखते हुए एक सक्षम और मजबूत पहचान के साथ सर्वोत्तम पर्यावरणीय, सामाजिक एवं कॉर्पोरेट प्रशासन की सभी कार्यप्रणालियों को अपनाया गया है।

2.3. एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा मई, 2016 के अपने पहले के नीति दस्तावेज के स्थान पर अब कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 को अपनाया जा रहा है। इस नीति का उद्देश्य कार्रवाई योग्य ढांचा व मार्गदर्शन प्रदान करना है, क्योंकि एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा भारत में जलविद्युत तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए निर्धारित सभी पर्यावरणीय मानदंडों का सख्ती से पालन करते हुए प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने का हर संभव प्रयास किया जाता है।

2.4. कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति, 2022 पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने एवं संगठन, लोगों और पृथ्वी के सतत् विकास में योगदान देने के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता का वृतांत है।

2.5. एनएचपीसी के प्रमुख हितधारकों में कर्मचारी, शेयरधारक, परियोजना प्रभावित परिवार, स्थानीय जन-समुदाय, स्थानीय निकाय जैसे कि पंचायत, प्रखंड और जिला प्रशासन, राज्य के वन विभाग, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि शामिल हैं।

2.6. कार्पोरेट पर्यावरण नीति में निम्न बातों पर विशेष जोर दिया गया है:

2.6.1. परियोजनाओं/ गतिविधियों की पर्यावरणीय उपलब्धियों की रिपोर्टिंग एवं प्रकटीकरण में पारदर्शिता के अपेक्षित मानकों के साथ पर्यावरणीय एवं सामाजिक जिम्मेदारी से कारोबार करना। इससे सभी हितधारकों का भरोसा एवं विश्वास जीतने में मदद मिलेगी तथा सामाजिक एवं पर्यावरणीय संवहनीयता को बढ़ावा भी मिलेगा।

2.6.2. कंपनी के सभी कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों को पर्यावरणीय निष्पादन में सुधार करने के महत्व एवं सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से संवहनीय तरीकों को अपनाने के प्रति संवेदनशील बनाना।

2.6.3. परियोजनाओं की योजना, निष्पादन और प्रचालन में पर्यावरणीय महत्व को समाहित करना।

2.6.4. एनएचपीसी की व्यावसायिक गतिविधियों से सीधे प्रभावित होने वाले प्रमुख हितधारकों की पर्यावरणीय और सामाजिक मुद्दों की पहचान करना।

3. उपादेयता

3.1. यह नीति, निगम के सभी परियोजनाओं, पावर स्टेशनों आदि में लागू होगी। एनएचपीसी लिमिटेड के प्रत्येक कार्मिक को नीति के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भागीदार बनाया जाएगा।

4. उद्देश्य

यह नीति निम्नलिखित उद्देश्यों पर आधारित है:

4.1. परियोजना के योजना और डिजाईन के प्रारंभिक चरणों की संकल्पना से ही पर्यावरण संरक्षण उपायों का लेखांकन करना, ताकि पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए एक व्यापक नींव रखी जा सके।

4.2. परियोजनाओं के अन्वीक्षण, निर्माण एवं निर्माणोंपरांत चरणों के दौरान सर्वोत्तम पर्यावरण प्रबंधन पद्धतियों को अपनाना और पोषित करते रहना।

4.3. पर्यावरण, वन और वन्यजीव से संबंधित सभी प्रासंगिक अधिनियमों / दिशानिर्देशों / नीतियों का अनुपालन करना।

4.4. नई तकनीकों की मदद से निगरानी और मूल्यांकन करना।

4.5. कंपनी के प्रत्येक कर्मचारियों (मानव संसाधन) को पर्यावरण के प्रति जागरूक रख कर, पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के स्तर को बढ़ाकर, उन्हें संपोषित करते रहना।

5. संगठनात्मक ढांचा

यह नीति अपने संगठनात्मक ढांचे में तीन स्तरीय संरचनाओं के लिए निर्धारित है:

5.1. **कॉर्पोरेट स्तरः** पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी, वन्यजीव मंजूरी, भूमि अधिग्रहण, अनुसंधान और विकास कार्यों हेतु योजना तैयार करना, निगरानी करना और सहायता प्रदान करना; परियोजना निर्माण के पश्चात् पर्यावरण प्रभावी आंकलन अध्ययन करवाना; केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना और जहाँ भी आवश्यक हो, वहाँ संशोधन के लिए सुधारात्मक उपायों का सुझाव देना।

5.2. **क्षेत्रीय स्तरः** पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी, वन्यजीव मंजूरी और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में निर्धारित अनुपालन गतिविधि की निगरानी करना। राज्य सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय तथा निगम मुख्यालय के साथ समन्वय स्थापित करना। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अन्य नियामक एजेंसियों द्वारा निर्धारित पर्यावरण प्रबंधन उपायों के सुचारू कार्यान्वयन में परियोजनाओं और पावर स्टेशनों को सहयोग करना।

5.3. **पावर स्टेशन/परियोजना स्तरः** संबंधित परियोजनाओं और पावर स्टेशनों के लिए पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी, वन्यजीव मंजूरी और भूमि अधिग्रहण से संबंधित अनुमोदन प्राप्त करना; राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों और निगम मुख्यालय के साथ समन्वय स्थापित करना; राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/ प्रदूषण नियंत्रण समिति (जैसा भी प्रकरण प्रस्तुत हो) से समय-सीमा के भीतर परियोजना स्थापित करने के लिए सहमति (कंसेन्ट टू इस्टेब्लिश) और परियोजना संचालन के लिए सहमति (कंसेन्ट टू ऑपरेट) प्राप्त करना। पर्यावरण, वन और वन्यजीव मंजूरी में निर्धारित शर्तों/ उपायों का अनुपालन करना। पर्यावरण प्रबंधन के उपाय लागू करते समय स्थानीय जन-समुदायों की भावनाओं का उचित संज्ञान लेना। सभी स्थानीय हितधारकों जैसेः राज्य वन विभाग, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण समिति, जिला प्रशासन और अन्य स्थानीय/ शहरी निकाय, परियोजना प्रभावित परिवारों और स्थानीय जन-समुदायों के साथ नियमित विचार-विमर्श के उचित दस्तावेजी रिकॉर्ड, फोटो, वीडियो क्लिपिंग इत्यादि रखना।

पर्यावरण, वन और वन्यजीव अधिनियमों/ नियमों/ दिशानिर्देशों के किसी भी तरह के उल्लंघन से बचने हेतु उचित एहतियात बरतना। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की शर्तों के अनुपालन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पर्यावरण एवं विविधता प्रबंधन विभाग, निगम मुख्यालय के साथ-साथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों और किसी भी अन्य राज्य/ केंद्रीय नियामक प्राधिकरणों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करते रहना। परियोजनाओं पर कार्यरत कर्मचारियों को जिला प्रशासन के परामर्श से परियोजना प्रभावित परिवारों के मुद्दों/ शिकायतों को निपटाने के लिए परियोजना प्रभावित परिवारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहना।

6. हमारी नीति

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा इस नीति के माध्यम से अपनी संगठनात्मक प्रतिबद्धताओं और उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएँगे।

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा –

6.1. अपनी रणनीति, व्यवसायिक विकास और निर्णय लेने की प्रक्रिया में युक्त आवश्यक विचारों द्वारा सक्रिय पर्यावरण एवं समाज केंद्रित दृष्टिकोण अपनाये जायेंगे।

6.2. अपनी कार्यप्रणालियों में विज्ञान और आधुनिक उन्नत तकनीकी का उपयोग करते हुए पर्यावरणीय प्रभावों की पहचान कर, उन्हें कम करने के प्रयास किए जायेंगे।

6.3. प्राकृतिक संसाधनों जैसे मिट्टी, पानी, ईंधन, निर्माण सामग्री आदि के कुशल और ईष्टतम उपयोग सुनिश्चित किए जायेंगे।

6.4. परियोजना घटकों के लिए सर्वोत्तम विकल्प का निर्णय लेते समय महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उचित महत्व दिये जायेंगे।

6.5. योजना और डिजाईन के विभिन्न पहलुओं पर पर्यावरण हितैशी तरीके से कार्य किये जायेंगे, जिससे कि निर्धारित पर्यावरण मानकों/ दिशानिर्देशों/ मानदंडों के अनुपालन को यथासंभव सुगम बनाया जा सके।

6.6. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने के लिए अनुमोदित टीओआर (टर्म्स ऑफ रेफेरेंस) और सार्वजनिक जन सुनवाई (पब्लिक हियरिंग) से प्राप्त इनपुट के अनुसार सभी परियोजनाओं के ईआईए (पर्यावरण प्रभावी आंकलन) और ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन योजना) को तैयार किया जायेगा।

6.7. प्रचलित परियोजनाओं के संदर्भ में, जलमग्न क्षेत्र, भूमि उपयोग आदि में बढ़ोत्तरी के साथ (या बिना) स्थापित क्षमता में वृद्धि की आवश्यकता के मामले में, नये वन मंजूरी/ पर्यावरण मंजूरी की आवश्यकता होने पर, उन्हें मौजूदा मानदंडों के अनुसार प्राप्त किए जायेंगे।

6.8. परियोजना स्थापित करने के लिए सहमति (कंसेन्ट टू इस्टेब्लिश) या परियोजना संचालन के लिए सहमति (कंसेन्ट टू ऑपरेट) प्राप्त करने के लिये राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति, जिससे भी संबंधित प्रकरण हो, सहमति प्राप्त करने के उपरांत ही परियोजना के संचालन कार्य आरम्भ किये जायेंगे।

6.9. पर्यावरण प्रबंधन योजना का कार्यान्वयन, पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी, परियोजना स्थापित करने के लिए सहमति, वैधानिक (स्टेचुटरी) निकायों/ एजेंसियों को वार्षिक रिटर्न जमा करने और प्रस्तुत करने की अन्य वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन आदि, संबंधित परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों द्वारा सुनिश्चित किये जायेंगे।

6.10. पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत सहमत गतिविधियों के लिए उपयुक्त बजटीय प्रावधान तथा पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी और वन्यजीव मंजूरी में निर्धारित अतिरिक्त शर्तों को, एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा परियोजना के डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) में उल्लेख किये जायेंगे।

6.11. मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर होने वाले विपरीत प्रभाव को कम करने के लिए, उनके प्रतिस्थापन के प्रयास करते समय जोखिम वाली सामग्रियों के उपयोग से बचने की दिशा में उचित ध्यान दिये जायेंगे।

6.12. कार्यान्वित पर्यावरण प्रभावी योजनाओं की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी, जिससे कि उनकी प्रभावकारिता का आंकलन किया जा सके और उपयुक्त उपचारात्मक उपाय यदि कोई हो, तो उसे पूर्व में ही निष्पादित किया जा सके।

7. स्वैच्छिक पहल

7.1. पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण के व्यापक हित में वैधानिक दायित्वों से परे भी अनूठे स्वैच्छिक पहल को अपनाने के लिए परियोजनाओं एवं पावर स्टेशनों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

7.2. ऐसी स्वैच्छिक पहलों के लिए योजनाओं का निर्माण करते समय पर्यावरण मंजूरी और वन मंजूरी की शर्तों, स्वीकृत पर्यावरण प्रबंधन योजना तथा अन्य पहलों को ध्यान में रखा जायेगा, जिससे कि दोहराव या गतिविधि के अतिच्छादन से पूर्णतः बचा जा सके।

7.3. एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा प्रमुख क्षेत्रों में अपनी स्वैच्छिक पहल पर ध्यान केंद्रित करने के निम्नलिखित प्रयास किए जायेंगेः

7.3.1. जैव विविधता का संरक्षण करना।

7.3.2. कुशल अपशिष्ट निपटान प्रबंधन; ऊर्जा और जल संरक्षण के उपाय आदि करना।

7.3.3. बांध अथवा जल संग्रहण युक्त परियोजनाओं में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की माप करवाना, ऑडिट करवाना और उत्सर्जन में कमी करने हेतु प्रयास करना।

7.3.4. परियोजना क्षेत्र में और उसके आस-पास के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संरक्षण के लिए स्वदेशी ज्ञान का सदुपयोग करना।

7.3.5. दुर्लभ और लुप्तप्राय वनस्पत्तियों और जीवों का संरक्षण करना।

7.3.6. सांस्कृतिक और विरासत स्थलों तथा दर्शनीय स्थलों की सुरक्षा एवं संरक्षण करना।

7.3.7. पीएएफ (परियोजना प्रभावित परिवारों) के साथ-साथ परियोजना/पावर स्टेशन के आस-पास रहने वाले जन-समुदायों का सामाजिक व आर्थिक उत्थान करना।

7.4. परियोजना के निकटस्थ जन-समुदाय की भागीदारी को प्राथमिकता देकर स्वैच्छिक पहल के अंतर्गत सभी योजनाओं को लागू किया जायेगा।

8. प्रदूषण कम करने के उपाय

8.1. वायु प्रदूषण

8.1.1. परियोजना निर्माण गतिविधियों (ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, परिवहन आदि) के दौरान उत्पन्न धूल को आवश्यक निवारक उपायों द्वारा नियोजित कर स्रोत पर ही नियंत्रित किए जायेंगे।

8.1.2. डम्पिंग स्थलों तक मलबे को ले जाने के दौरान धूल उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रयास किए जायेंगे।

8.1.3. धूल के स्रोतों और उसके आस-पास के क्षेत्रों में पेड़ पौधे लगाकर वनस्पतिक आवरण के माध्यम से हरित पट्टी का निर्माण किये जायेंगे।

8.2. जल प्रदूषण

8.2.1. परियोजना निर्माण गतिविधियों के दौरान टनल से निकलने वाले अपशिष्ट जल को पास की जल धाराओं/ जल निकायों में पहुंचने से पहले उपयुक्त तरीके से अथवा सेटलमेंट चेम्बर के माध्यम से उपचारित किया जायेगा।

8.2.2. उपयुक्त तरीके से उपचार करने के पश्चात, जल निकायों के लिए अंतिम रूप से छोड़े गए जल को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरूप होना सुनिश्चित किया जायेगा।

8.2.3. विभिन्न प्रायोजनों के लिए उपयोग में आने वाले तेल और ग्रीस का निपटारण कार्य उचित रूप से, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/ प्रदूषण नियंत्रण समिति के मानदंडों/ दिशानिर्देशों के अनुसार निष्पादित किये जायेंगे।

8.2.4. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, कहीं भी आस-पास के जलाशयों/ जल निकायों में मलबे का कोई रिसाव न हो।

8.3. ध्वनि प्रदूषण

8.3.1. जमीनी कंपन और संबद्ध गतिविधियों से निकलने वाली ध्वनि को कम करने के लिए उपयुक्त आधुनिक नियंत्रित ब्लास्टिंग तकनीकों का समावेश किया जायेगा।

8.3.2. मशीनरी, उपकरणों आदि को समय-समय पर उचित रखरखाव करके तथा प्रभावी तकनीकी माध्यम से ध्वनि प्रदूषण को कम करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जायेंगे।

8.4. डंपिंग सामग्री का पुनर्वासः

8.4.1. परियोजना निर्माण गतिविधियों से उत्पन्न मलबे को केवल नियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदित व निर्दिष्ट क्षेत्र में ही संग्रहित किए जायेंगे।

8.4.2. निर्दिष्ट क्षेत्र में मलबे की डंपिंग के बाद ढलानों की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु समतल या उपयोगी आकार प्रदान कर, उनपर वृक्षारोपण किए जायेंगे।

8.4.3. डम्पिंग क्षेत्र में विशेषज्ञ एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न वनस्पत्तियाँ अर्थात वृक्षों, झाड़ियों और जड़ी-बूटियों से उपयुक्त प्रजातियों के पौधों को लागू सुरक्षा उपायों के अनुसार लगाकर, वृक्षारोपण कार्य किये जायेंगे।

8.4.4. जहाँ तक संभव हो, ऐसे क्षेत्रों में बहु-प्रजाति पौधारोपण कार्य किए जायेंगे।

8.4.5. जल धाराओं/ नालों, जल निकायों के निकट के क्षेत्रों में जल धारण करने वाले पौधों की प्रजातियों को लगाने का प्रयास किए जायेंगे।

8.4.6. ऐसे डम्पिंग क्षेत्र यदि डाइवर्टेड वन भूमि पर अवस्थित हैं, तो उन्हें वृक्षारोपण गतिविधियों के पूरा होने के पश्चात, राज्य वन विभाग को वापस सौंप दिया जायेगा।

8.4.7. पर्याप्त इंजीनियरिंग पद्धतियों द्वारा मक डंपिंग क्षेत्र को संरक्षित कर, उनका उचित रूप से रखरखाव किया जायेगा, जिससे कि आस-पास के क्षेत्र में मलबे के प्रवाह को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

8.5. उत्खनन क्षेत्र का पुनरुद्धार

8.5.1. परियोजना निर्माण से जुड़े सभी उत्खनन क्षेत्रों को पर्यावरण सुरक्षा उपायों के अंतर्गत पुनः व्यवस्थित कर, उस क्षेत्र का पुनरुद्धार सुनिश्चित किया जायेगा।

8.5.2. पुनरुद्धारण क्षेत्र में वृक्षारोपण के लिए, जन-समुदायों और राज्य वन विभाग के परामर्श से, स्थानीय वनस्पत्ति प्रजातियों के चयन, उनकी विशेषता के अनुसार किए जायेंगे।

9. मूल्यांकन, आंकलन और रिपोर्टिंग

9.1. कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति के ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वयन हेतु की गई गतिविधियों के मूल्यांकन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और अन्य नियामक प्राधिकरणों द्वारा दी गई शर्तों/ संबंधित निदेशक द्वारा अनुमोदित स्वैच्छिक पहल/ योजनाओं की उपलब्धि के लिए किसी भी अतिरिक्त लक्ष्य आदि के अनुरूप किए जायेंगे।

9.2. परियोजना के निर्माणोंपरांत प्रभावी आंकलन अध्ययन, परियोजना के चालू होने के पांच वर्ष बाद और पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं या अन्य योजनाओं (यदि कोई हो) के पूरा होने के बाद, अधिमानतः बाहरी एजेंसियों द्वारा कराए जायेंगे। पर्यावरणीय पहलों की सफलता या विफलता की डिग्री को मापने हेतु योजना के समय निर्धारित व सुनियोजित बेंचमार्क के साथ प्रभावी आंकलन का तुलनात्मक अध्ययन किया जायेगा।

9.3. स्वैच्छिक पहल के अंतर्गत की गई गतिविधियों के मूल्यांकन, समय-समय पर उनकी सफलता को मापने के लिए किए जायेंगे।

9.4. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय/अन्य पर्यावरण और वन नियामक प्राधिकरणों की वैधानिक शर्तों का गैर-अनुपालन/उल्लंघन, यदि कोई हो, तो वे संबंधित निदेशक के माध्यम से निदेशक मंडल को सूचित किए जायेंगे।

10. हितधारकों के लिए संचार सुविधा

10.1. पर्यावरण नीति पत्रक, 'अनुलग्नक-I' के रूप में संलग्न है।

10.2. पर्यावरण नीति पत्रक, भारत सरकार की मौजूदा कार्य प्रणालियों और दिशानिर्देशों के अनुरूप एनएचपीसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जायेंगे।

10.3. एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा संरचित तरीके से कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति के अनुपालन के विषय में, सभी हितधारकों एवं जनसामान्य तक सूचना को संप्रेषित किया जायेगा।

सिक्किम स्थित तीस्ता-IV जलविद्युत परियोजना (520 मेगावाट) के लिए जन सुनवाई का दृश्य

